आनंदालय
सामयिक परीक्षा - 2
कक्षा : आठवीं

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 50
दिनांक: 28-09-2022 | निर्धारित समय: 2:00 घंटे

सामान्य निर्देश:
1. यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है: 'क', 'ख', 'ग', 'घ'
2. चारों खंडों के प्रश्नोत्तर लिखने अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नोतर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर लिखना अनिवार्य है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड- 'क' (7 अंक)

1. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं |
देखा माता का ऐसा रक्तिम शृंगार नहीं |
कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के वंदन के |
शीश-शीश में भाव उमड़ते माँ पर अर्पण के |
प्राण-प्राण में भाव उमड़ते शोणित तर्पण के |
जीवन की धारा में देखी ऐसी धार नहीं |
सत्य अहिंसा का व्रत अपना कोई पाप नहीं |
विश्व मैत्री का व्रत भी कोई अभिशाप नहीं |
यही सत्य है सदा असत टिकती चाप नहीं |
सावधान हिंसक ! प्रतिहिंसा की कोई माप नहीं |
कोई भी प्रस्ताव पराजय का स्वीकार नहीं |
ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं |

(i) उपर्युक्त पद्यांश में किसके आवेश की बात की गई है ? (1)
(ii) कंठ-कंठ, शीश-शीश - शब्दों में कौन -सा अलंकार है ? (1)
(iii) हमारा देश किन व्रतों का पालना करता आया है ? (1)
(iv) देशवासियों को क्या स्वीकार नहीं है ? इस पंक्ति में कौन-सा जीवन मूल्य उजागर होता है ? (2)
(v) कवि ने माता किसे कहा है ? इस माँ के लिए लोगों के मन में कैसी भावनाएँ हैं ? (2)

खंड- 'ख' (12 अंक)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x3=3)

(i) काव्या की वाणी में _____ है - उचित संज्ञा रूप से वाक्य पूरा कीजिए -
(क) मीठा (ख) कड़वा (ग) मिठास (घ) गलत

(ii) <u>जो</u> अपराधी है <u>वह</u> सजा पाएगा - वाक्य में सर्वनाम का भेद है-

(क) प्रश्नवाचक (ख) निजवाचक (ग) अनिश्चयवाचक (घ) संबंधवाचक

(iii) <u>शक्तिशाली</u> व्यक्ति को ही क्षमा शोभा देती है -वाक्य में विशेषण का भेद है -

(क) गुणवाचक (ख) परिमाणवाचक (ग) संख्यावाचक (घ) सार्वनामिक

3. (i) मानसी चित्र बना रही है - वाक्य में क्रिया का कर्म है - (1x3=3)

(क) मानसी (ख) चित्र (ग) बना (घ) रही है

(ii) 'मृदुल एक मधुर गीत सुनाएगा|' वाक्य में क्रिया किस काल में है -

(क) भूतकाल (ख) वर्तमान (ग) भविष्यत् काल (घ) अकाल

(iii) 'माली पौधों की रखवाली करता है|' -वाक्य में क्रिया का काल है -

(क) भूतकाल (ख) वर्तमान (ग) भविष्यत् काल (घ) अकाल

4. (i) हित+एषी की संधि होगी - (1x4=4)

(क) हित्यषी (ख) हितुषी (ग) हितैषी (घ) हिताषी

(ii) 'वीरोचित' - में कौन-सी संधि हुई है -

(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि (ग) वृद्धि संधि (घ) अयादि संधि

(iii) 'नीलगगन' - समस्तपद में कौन-सा समास है -

(क) अव्ययीभाव (ख) तत्पुरुष (ग) कर्मधारय (घ) द्विगु

(iv) 'चार आनों का समाहार' - वाक्यांश का समस्तपद होगा -

(क) चराना (ख) चारान (ग) चवन्नी (घ) चुराना

5. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x2=2)

(i) क्या निराश हुआ जाए ! - वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न का नाम है -

(क) पूर्णविराम (ख) अर्धविराम (ग) प्रश्नवाचक (घ) विस्मयादि बोधक

(ii) काली घटा(बादल) का घमंड घटा (कम) - वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न का नाम है -

(क) संक्षेपसूचक (ख) कोष्ठक चिह्न (ग) विवरण चिह्न (घ) अल्पविराम

## <u>खंड- 'ग' (15 अंक)</u>

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(i) कबीर ने लोगों की जाति पूछने वालों को क्या सलाह दी है ? स्पष्ट कीजिए |

(ii) संचार के तमाम उन्नत साधनों के बावजूद दूर देहात, गाँव या गरीब बस्तियों में डाकिए को देवदूत के रूप में क्यों देखा जाता है ? उदाहरण सहित लिखिए |

(iii) 'बुराई में रस लेना बुरी बात है, अच्छाई में उतना ही रस लेकर उजागर न करना और भी बुरी बात है |' लेखक के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए |

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(i) आज हर तरफ़ भ्रष्टाचार, ठगी, डकैती और अविश्वास का माहौल है | ऐसी परिस्थितियों में भी वे कौन-से कारण हैं जो लेखक के मन को निराश नहीं होने देते ? वे कौन-सी बातें हैं जो आपको निराश करती हैं ?

(ii) घर के सामान्य कार्यों के प्रति परिवार के प्रत्येक सदस्य की क्या ज़िम्मेदारी होनी चाहिए ? आप घर के किन कार्यों की ज़िम्मेदारी ले सकते हैं ?

(iii) भगवान के डाकिए मनुष्य को क्या संदेश देना चाहते हैं ? मनुष्य इस संदेश को समझने में असमर्थ क्यों है ?

खंड- 'घ' (16 अंक)

8. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 से 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए - (6x1=6)

(i) अनुशासन: विद्यार्थी की पहचान

- अनुशासन जीवन का आधार
- अनुशासन के लाभ, उन्नति का आधार
- विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता के कारण
- निष्कर्ष

(ii) मेरी पहली बस यात्रा

- प्रथम बस यात्रा कब, कैसे
- बस में बैठने का अनुभव
- बस के भीतर व बाहर का वर्णन
- निष्कर्ष

(iii) समाचार पत्र

- समाचार पत्र की आवश्यकता का कारण मनुष्य की जिज्ञासा
- समाचार पत्र के लाभ और हानियाँ
- वर्तमान समय में उपयोगिता
- उपसंहार

9. आप विद्यालय के खेल कप्तान हैं | विद्यालय में खेल सामग्री का अभाव है | प्रधानाचार्य को खेल सामग्री मँगवाने के लिए आग्रह करते हुए लगभग 100 शब्दों में प्रार्थना पत्र लिखिए | (5x1=5)

**अथवा**

शहर में आवारा पशुओं की संख्या बहुत बढ़ गई है जिससे लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है | अत: लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगरनिगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए |

10 बालों में लगाने वाले तेल का नामकरण करते हुए लगभग 40-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए | (5x1=5)

**अथवा**

25 से 27 सितंबर तक आपके विद्यालय में 'कला प्रदर्शनी' का आयोजन किया जा रहा है | इसकी जानकारी देते हुए लगभग 50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए |